# सब्जी मंडी में दुकान संचालकों की मनमानी से निकलना मुश्किल

## रास्ते पर जमा लेते हैं दुकान, आने जाने में होती है परेशानी, कार्यवाही कर व्यवस्था बनानी चाहिए

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, शहर के बीच संचालित सब्जी मंडी में दुकान संचालको की मनमानी दिनो दिन बढ़ती जा रही है. दुकान के संचालक सड़को तक दुकान सजा लेते है और ऊपर से पिन्नी-त्रिपाल बांध लते है. जिसके कारण लोगो को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर कोई गलती से इसका विरोध करता है तो व्यापारी विवाद पर उतारू हो जाते है.**

ज्ञात हो कि शहर में संचालित सब्जी मंडी में प्रतिदिन हजारो लोग सब्जी की खरीददारी करने पहुंचते है. लेकिन यहा के दुकानदारो की मनमानी इस कदर हावी है कि सड़को पर दुकान का संचालन करते है. जिसके चलते वाहन तो दूर पैदल निकलना मुश्किल होता है. अगर गलती से किसी व्यापारी के सामान में गाड़ी या साइकल छू जाती है तो यह विवाद पर उतारू हो जाते है. लेकिन इनकी मनमानी पर कार्यवाही नही की जाती है जिससे व्यवस्था बनाई जा सके. अभी कुछ दिनो पूर्व नगर निगम का अमला कार्यवाही करने पहुंचा था और कुछ दुकानदारो की दुकान सड़क से हटाई थी. लेकिन उनके वापस जाते ही पुनः सड़को तक दुकान सज गई. जबकि नगर निगम अमले को चाहिये कि व्यवस्था बनाने के बाद पुनः यहा आकर देखा जाय कि सब सही है या नही. लेकिन यह देखने वाला कोई नही है. जिसके चलते व्यापारियों के हौंसले बुलंद है.



**निकलना होता है मुश्किल** - इस संबंध में सब्जी की खरीददारी करने पहुंची महिला अनीता साहू ने बताया कि दुकानो के संचालक सड़क तक दुकान फैला लेते है जिसकी वजह से निकलने में काफी दिक्कत होती है. इनकी मनमानी पर रोक लगानी चाहिये और व्यवस्था बनानी चाहिये. इसी तरह फरीद अंसारी ने बताया कि दूसरे या तीसरे दिन सब्जी लेने मंडी आते है लेकिन दुकान संचालको की मनमानी ऐसी है कि निकलना मुश्किल होता है. यही वजह है कि अपनी मोटर साइकल को दूसरी जगह खड़ी कर पैदल आता हूं, इन पर कार्यवाही होनी चाहिये.

# धरती माता और भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए करें प्राकृतिक खेती : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि में नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुभारंभ किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है. हम वर्तमान में विपुल अन्न और फल सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं.**




उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने खाद और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया है, जिसके कारण धरती माता बीमार हो गई हैं. धरती माता को स्वस्थ रखना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्राकृतिक खेती इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. गोपालन पर आधारित प्राकृतिक खेती से ही हमें अच्छे स्वास्थ्य की नेमत मिलेगी. हर किसान अपनी कुल जमीन के दस प्रतिशत भाग पर प्राकृतिक विधि से अनाज फल और सब्जी का उत्पादन करें जिससे कम से कम उसके परिवार को रसायन रहित पौष्टिक आहार मिल सके. सेमिनार का आयोजन कृषि महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, एकेएस यूनिवर्सिटी तथा श्याम दुलारे तिवारी शिक्षा एवं शोध संस्थान द्वारा किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं. सेमिनार में एकेएस विश्वविद्यालय के चांसलर अनंत सोनी ने ऊर्जा संरक्षण तथा खेती में नवाचार के संबंध में विचार व्यक्त किए. कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एसके त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के लिए महाविद्यालय में किए जा रहे शोध की जानकारी दी. सेमिनार में प्रोफेसर डॉ. आरके तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए. सेमिनार में श्री एके जैन, डॉ. एसके पाण्डेय, प्रोफेसर एके शर्मा शामिल हुए. सेमिनार में आठ राज्यों के कृषि वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं.

### जैविक विधि से बनाई गई खाद व कीटनाशकों का हो उपयोग : जर्नादन

समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि वर्ष 2047 की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखकर प्राकृतिक खेती तथा अनाज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करना होगा. रासायनिक खाद और कीटनाशकों के स्थान पर जैविक विधि से बनाई गई खाद तथा कीटनाशकों का उपयोग करना होगा, जिससे धरती का स्वास्थ्य और मानव के लिए हितकारी जीवाणु, कीट और पक्षी रह सकें. सेमिनार में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर पीके मिश्रा ने कहा कि कोरोना काल ने हमें प्रकृति की ओर लौटने और प्राकृतिक खेती को अपनाने के स्पष्ट संकेत दिए हैं. हमारा अस्तित्व तभी तक है जब तक हम प्रकृति के अनुसार आचरण करेंगे.

# खटखरी में निर्माणाधीन टंकी गिरने पर उपयंत्री निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 28 मार्च, जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नलजल योजना से मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत के ग्राम खटखरी में निर्माणाधीन टंकी 27 मार्च को ध्वस्त हो गई.**

टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने तथा गुणवत्ता का ध्यान न रखने पर चीफ इंजीनियर पीएचई संजय कुमार अधवान ने उपयंत्री एपी तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश दिए हैं. श्री तिवारी वर्तमान में सहायक यंत्री त्योंथर डिवीजन के प्रभारी के रूप मेंहदी भी कार्य कर रहे हैं. निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय अधीक्षण यंत्री कार्यालय रीवा निर्धारित किया गया है. श्री तिवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा. उल्लेखनीय है कि जिस ढंग से उपरोक्त पानी की टंकी धराशाई हुई है उसे देखकर कहा जा सकता है कि यह संयोग था कि किसी भी प्रकार की जन हानी नहीं हुई यदि वहां उसे समय कोई होता तो बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन जिस प्रकार से यह पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर गिरने के बाद भ्रष्टाचार की कहानी की पुष्टि करती है उससे स्पष्ट है कि ऐसे भ्रष्ट उपयंत्री खटखरी में निर्माण अधिनियम उपरोक्त टंकी में भ्रष्टाचार किया इनके द्वारा कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच होनी चाहिए, जिससे भ्रष्टाचार सामने आ सके.

## छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31

**रीवा, 28 मार्च,** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जाय.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर मंदिर में की पूजा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा शहर के मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की. साथ ही मंदिर में जनभागीदारी से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राचीन मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है. इसका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं. इसके परिसर विस्तार से भक्तों को दर्शन और पूजा-अर्चना में सहूलियत मिलेगी. निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री आज करेंगे कार्यालय भवन का लोकार्पण

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 29 मार्च को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे. लोकार्पण समारोह सुबह 10.30 बजे से लाड़ली लक्ष्मी पथ न्यू साइंस कालेज के सामने रीवा में आरंभ होगा. समारोह की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय तथा रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद शामिल होंगे. अतिरिक्त संचालक डॉ. आरपी सिंह ने सभी आमंत्रितों से समारोह में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### अवकाश के दिन खुले रहेंगे ननि के कार्यालय

**रीवा,** नगर निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. अब नगर निगम के कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपने बकाया करों का समय पर भुगतान कर सकें. साथ ही करदाताओं को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने हेतु 3 दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जहां लोक अदालत के तहत दी जा रही छूट का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में दी गई लोक अदालत छूट को 31 मार्च 2026 तक यथावत रखा गया है. निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें. गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों पर अधिभार प्रभावी हो जाएगा. ऐसे में करदाताओं के पास छूट का लाभ लेने के लिए अब सीमित समय शेष है. रीवा नगर के समस्त स्व-आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2026 तक ही प्रभावी रहेगी. इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा.

### अमिलिया नहर में मिला युवक का शव

**रीवा,** जिले के थाना रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र में सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक दो दिन पूर्व घर से निकला था, जिसके बाद उसकी लाश नहर में मिली है. पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुख्य नहर अमिलिया के ग्राम पंचायत पडरा के पास सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने एक शव देखा. जिसकी सूचना तत्काल रायपुर कर्चुलियान पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए. कुछ ही देर बाद युवक की पहचान लालगांव निवासी सनी साकेत के रूप में हुई. परिजनों ने बताया कि सनी जिला में रहता था और 26 मार्च की शाम घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं आया था. परिजन उसकी तलाश कर रहे थे कि आज सुबह उसका शव परररा गांव के समीप नहर में पाया गया. पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है.




धोबिया टंकी अस्पताल गेट के पास सड़क तक सजी दुकाने

# हूटर लगी गाड़ी में बीयर पीते युवक का वीडियो वायरल

## एमपी-यूपी सीमा के चाकघाट बॉर्डर का बताया जा रहा वीडियो

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, जिले में सरकारी वाहनों का दुरुपयोग अक्सर देखने को मिलता है. ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है. जहा बीच सड़क पर खड़े वाहन के बोनट में बैठकर एक शख्स खुलेआम बीयर पीता नजर आया.**

वाहन में बकायदा हूटर लगा हुआ था और उसमें मध्य प्रदेश शासन भी लिखा था, जबकि नेमप्लेट ढकी हुई थी. उक्त वाहन के दरवाजे पर एक युवक खड़े होकर बीयर के घूंट लगाता रहा. जबकि दूसरा युवक बोरट पर बैठकर जाम छलकाता रहा. फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो रहा है. जिसकी पुष्टि नवभारत नही करता. वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया में किए जा रहे दावों के मुताबिक वीडियो दो से तीन दिन पुराना है जो एमपी यूपी की सीमा स्थित रीवा जिले के चाकघाट बॉर्डर का बताया गया. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से सरकारी वाहन का रोब दिखाते हुए उसे ना सिर्फ बीच सड़क पर खड़ा किया गया बल्कि वाहन के गेट और बोनट में बैठकर जाम छलकाए जा रहे हैं. दावा किया जा रहा है उक्त वाहन प्रशासनिक विभाग का है जिसमें बकायदा मध्य प्रदेश शासन भी लिखा हुआ है. लेकिन पदनाम की नेमप्लेट ढकी होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वाहन किस अधिकारी का है. फिलहाल इस घटना का वीडियो अब तेजी के साथ वायरल हो रहा है. गौरतलब है कि सरकारी वाहनों के दुयपयोग का यह कोई पहला मामला नही है. इसके पहले भी इस तरह के कई वीडियो-फोटो सामने आ चुके है.

# जल कर की राशि बकाया होने पर नल कनेक्शन किए विच्छेदित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा जलकर वसूली हेतु बड़े बकायादारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निरंतर जारी है.**



इसी क्रम में 28 मार्च को जोन क्रमांक 3 के वार्ड 15, 16, 23, 24 एवं 25 में जलकर राशि बकाया होने पर 3 नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए. इनमें लक्ष्मीशंकर पर रुपए 35,000, कामधेनु डेयरी पर रुपए 20,000 तथा अम्बर चाट सेंटर पर रुपए 10,000 की जलकर बकाया राशि लंबित होने के कारण नल कनेक्शन काटे गए. इस कार्यवाही के दौरान जलकर बकाया राशि रुपए 1,34,910 मौके पर ही जमा कराई गई. इसी प्रकार उक्त वार्डों में 5 अवैध कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें विच्छेदित करने की कार्रवाई नगर निगम की जलकर वसूली एवं अतिक्रमण टीम द्वारा की गई. साथ ही चेतावनी दी गई कि बिना नगर निगम की अनुमति के नल कनेक्शन जोड़ने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 30 को

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे बिजली दरो मे की गयी बढोत्तरी, गैस सिलेण्डर की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता तथा पेट्रोल/ डीजल के कमी के विरोध मे धरना प्रदर्शन किया जायेगा.**

30 मार्च सोमवार को सिरमौर चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से किया गया हैं. धरना प्रदर्शन के पश्चात् कलेक्टर/ एस डी एम को मांगो से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा जावेगा. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है.

# प्राइवेट प्रैक्टिस के चलते मरीजों का सही इलाज नहीं करते डॉक्टर : मंगू

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने कहा कि संजय गांधी हॉस्पिटल की स्थिति डीन डॉक्टर सुनील अग्रवाल के कारण बदतर स्थिति हो गई है.**

आलम यह है कि हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजो का उपचार सही ढंग से करने के वजह उन्हें मौत के मुहाने में छोड़कर रेफर कर देते है ऐसी स्थिति हॉस्पिटल के सभी विभागों में है. कांग्रेस नेता श्री मंगू ने यह भी कहा मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञों से करना नहीं आता रोशनी देने के बजाए आंख ही छीन लिया जाता है. ऐसा ही वाक्य एक एक सप्ताह पूर्व मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने 65 वर्षीय महिला के साथ हुआ जिसका मोतियाबिंद का ऑपरेशन अस्पताल के डॉक्टर चौधरी ने करके उसकी आंख की रोशनी जीवन भर के लिए छीन लिया. ऐसे कई मामले इन दिनों सुनने व देखने को मिलते है, लेकिन कार्यवाही नही होती.

# 150 वर्ष पुरानी झिरिया बावड़ी की सफाई की गई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड रायपुर कर्चुलियान के तत्वाधान में सगरा में जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत 150 वर्ष पुरानी झिरिया वावड़ी की सफाई व जल पूजन कर आम जनों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया.**




जल चौपाल का आयोजन कर जल है तो कल है के स्लोगन का दीवार लेखन कर आम जनों को पुराने जल स्त्रोतों को बचाने के लिए और जल के संरक्षण पर चर्चा की गई. ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुषमा शुक्ला ने कहा कि जल ही जीवन है और जल है तो कल है इस संकल्प को हम सब तो सुनते हैं परंतु उसे जीवन में उतरने की आवश्यकता है. जल मनुष्य के साथ जीव पशु पक्षी कीड़े मकोड़े सभी को चाहिए इसलिए जल की बचत हमें बहुत ही जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करना होगा.

प्रस्फुटन समिति सुरसा कला के अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण मिश्रा ने भी ग्राम वासियों से जल के संरक्षण संवर्धन के लिए अनुरोध किया. कार्यक्रम में मेंटर महेंद्र श्रीवास्तव मनोज कुमार नापित शिवानी पांडे बालेंद्र पांडे सौरभ पांडे विकास साहू छात्र आकाश साहू अतुल मिश्रा पूजा मिश्रा श्रद्धा सिंह आकाश त्रिपाठी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे. जिन्होने अपना सहयोग दिया.

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं.**

यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं. प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी. वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है. विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है.जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी. हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा. जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें काटने की अनुमति नही दी जायेगी.

## प्रधानमंत्री के मन की बात सीधा प्रसारण आज

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 मार्च, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण नगर परिषद मनगवाँ में नवनिर्मित सिनेमा हाल 'छोटू महराज सिनेमा' में 29 मार्च को 11:00 बजे से 12:00 तक किया जायेगा.**

जिसमें बूथ 266 के सभी कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी. मन की बात के कार्यक्रम में विधायक इन्जी.नरेन्द्र प्रजापति, मंडल प्रभारी उमाशंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नामवर सिंह, जिला पंचायत सदस्य केडी शुक्ला, युवा मोर्चा अध्यक्ष अखिल सोनी, मंडल महामंत्री गणेश सिंह, श्रीमती नीशा अशोक बंसल, लवकुश गुप्ता, जगजीवन लाल तिवारी मौजूद रहेगे.